## एक नजर

### होली व चुनाव को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**उंटारी रोड।** होली पर्व व आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू जिले में विधि व्यवस्था को लेकर एसपी रिश्मा रमेशन के निदेर्शानुसार रेहला थाना व उंटारी रोड थाना क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। वहीं फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने आम जनों से इस पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाने एवं शांति व विधि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग करने की अपील की। इस फ्लैग मार्च में रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार दास, उंटारी रोड थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह सहित काफी संख्या में पुलिस जवान शामिल थे।

### प्रशिक्षु आईपीएस के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च, अलर्ट

**पांकी।** प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी एवं पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी के नेतृत्व में होली पर्व के मद्देनजर पांकी बाजार में फ्लैग मार्च निकाला। उन्होंने पांकी प्रखंड वासियों से अपील करते हुए कहा कि रंगों का त्योहार होली शांति और सोहार्द पूर्ण महौल में मनायें। किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। अफवाह को बढ़ावा नहीं देना है। सोशल मीडिया के अफवाह से बचें। लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता भी लागू है उसमें डीजे और जुलूस बगैर अनुमति नहीं निकाले जाएंगे। पुलिस का असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रहेगी। थाना क्षेत्र में किसी तरह की अप्रिय सूचना मिलने पर उसकी जानकारी पुलिस को तत्काल दे। पुलिस उसपर त्वरित कार्रवाई करेंगी।

# होली और चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट सीआरपीएफ के साथ निकाला फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** होली और लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर रविवार को पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा और एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने की। फ्लैग मार्च के दौरान शहर के छतरपुर रोड, नहर मोड़ , जपला मुख्य बाजार, जेपी चौक, दंगवार रोड, जपला हैदरनगर रोड समेत क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान एसडीओ, एसडीपीओ ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव और होली जैसे पर्व को लेकर फ़्लैग मार्च निकाला गया। जिसका मुख्य उद्देश्य शांतिपूर्ण ढंग से होली का पर्व मनाने और आगामी लोकसभा चुनाव में निर्भीक और निष्पक्ष होकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान में भाग लेकर लोकतंत्र को मजबूत किया जाना है। साथ ही लोगों को होली पर्व की शुभ कामनाएं दी। इस मौके पर हुसैनाबाद , हैदरनगर, मोहम्मद गंज, बीडीओ, अंचल पदाधिकारी हुसैनाबाद थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, सीआरपीएफ इंस्पेक्टर संवर लाल, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी, पंकज तिवारी, हैदरनगर थाना प्रभारी, अफजल अंसारी, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी संजय यादव के अलावा पुलिस प्रशासन और सीआरपीएफ के कई जवान शमिल थे।



### असमाजिक तत्वों पर पुलिस की रहेगी कड़ी नजर : एसडीपीओ



**विश्रामपुर।** प्रशिक्षु आईपीएस सह एसडीपीओ राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने विश्रामपुर और रेहला में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस मुख्य सड़कों पर मोटरसाइकल से और गलियों में पैदल भ्रमण किया। इस क्रम म्रे पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से आपसी भाईचारे के बीच होली पर्व मनाने का अपील किया। विश्रामपुर एसडीपीओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि होली पर्व और लोक सभा चुनाव के दौरान लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने हेतु फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने कहा कि आम लोग भयमुक्त रहें, पुलिस उनकी सुरक्षा में हमेशा मुस्तैद है। असमाजिक तत्वों पर भी पुलिस कड़ी नजर रखे हुए है। किसी भी कीमत पर कानून तोड़ने और समाज में विद्वेष फैलाने वालों को बख्सा नहीं जायेगा। श्री सिंह ने राजनीतिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों से आदर्श आचार संहिता पालन करने को कहा। फ्लैग मार्च में पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार दास सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

## थाना प्रभारी ने बूथ निरीक्षण के दौरान स्कूली बच्चों से खेली होली



### बच्चों को दी होली कि हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** पलामू जिले के उंटारी रोड थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी बूथ का निरीक्षण किया। मुरमाकला में बूथ निरीक्षण के दौरान विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ अबीर गुलाल लगाते हुए होली के त्योहार का उत्साह दिखाई पड़ा। छोटे-छोटे बच्चों ने होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ विद्यालय परिसर में मनाया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने शिक्षक व उंटारी रोड थाना प्रभारी के साथ मिलकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए खूब मौज मस्ती किया। इस त्योहार को लेकर बच्चों का मन काफी उत्साहित था। थाना प्रभारी ने विद्यालय के सभी छात्र- छात्राओं, शिक्षक को होली की रंगभरी शुभकामनाएं दी। वहीं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने होली त्योहार के ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार से बच्चों को अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सभी बच्चों को गुलाल लगाते हुए बधाई दी। वहीं शांति पूर्ण होली मनाने का आग्रह किया। स्कूली बच्चों के बीच चॉकलेट का वितरण किया। बच्चो ने चॉकलेट पाकर खुश नजर आए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# हुलसी खूर्द में गहराया पेयजल संकट गांव में है जलमीनार फिर भी लोग प्यासे

**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** नौडीहा बाजार के सुदूरवर्ती पंचायत शाहपुर के आदिवासी बहुल गांव हुलसी खुर्द में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। लोगों को पानी के लिए घर से दो किमी दूर भटकना पड़ रहा है। हुलसी खुर्द गांव में दो सौ घर है। इस गांव में आदिवासी ग्रामीणों की एक हजार जनसंख्या है। आदिवासी आबादी होने के बावजूद भी ग्रामीणों के बीच एक ही जलमीनार है। जो कई वर्ष पुराना है। जो मनरेगा योजना के तहत 15वीं वित के राशि से मुखिया द्वारा निर्माण करवाया गया था। जलमीनार से हजारों ग्रामीणों व घरेलू पशु- पक्षी को पानी मिलता है। मार्च महीना में ही पानी को लेकर ग्रामीणों को भटकना पड़ रहा है ऐसे में जून महीना जल संकट क्या होगी इसका सहज अंदाज लगाया जा सकमा है। आादिवासी ग्रामीणों में जनप्रतिनिधियों के खिलाप काफी आक्रोश है। ग्रामीणों को कहना है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि आश्वासन के बाद भी यहा चापाकल नहीं लगवाए हैं। आदिवासी ग्रामीणों को कहना है कि अगर समस्या का हल नहीं निकला तब व्यापक प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीए बबन उरांव, राजेश उरांव, सुनीता उरांव ने बताया कि ग्रामीण जनता मिल के प्रदर्शन की रणनीति बना रहे हैं। ग्रामिणो का कहना है कि हम सभी ग्रामीणों के बीच कम से कम दो और जलमीनार और चार चापाकाल डीप बोरिंग की आवश्यकता है। तभी यहां के आदिवासी ग्रामीण जल से संतुष्ट रह पाएंगे। ग्रामीणों ने यह भी बताया की जब चुनाव नजदीक आता है तो वोट लेने के लिए नेता आते हैं। वोट ले लेते हैं। जीत जाने के बाद फिर कभी लौटकर नहीं आते हैं।



**हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी ने पंचायत प्रतिनिधियों संग की बैठक**

## होली में हुड़दंगियों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में रविवार को पंचायत प्रतिनिधियों संग एसडीएम पियूष सिन्हा ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम पियूष सिन्हा ने की। जबकि संचालन एसडीपीओ मुकेश महतो ने किया। मौके पर एसडीएम ने कहा कि होली रंगों का पर्व है इसे आपसी सौहार्द व भाईचारा के साथ मनाने की जरूरत है। ऐसा कोई भी काम नहीं करें, जिससे माहौल बिगड़े साथ ही उन्होंने अफवाहों से बचने की बात कही। साथ ही प्रतिनिधियों की भी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इसकी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस मौके पर एसडीपीओ ने कहा की प्रशासन हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखेगी। लोगों को जबरदस्ती रंग व अबीर गुलाल नहीं लगाएं, किसी तरह की घटना होने की संभावना है, तो तत्काल इसकी सूचना थाना को दें। इस मौके पर बीडीओ रौशन कुमार, सीओ पंकज कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, ग्यासुद्दीन सिद्धिकी, श्रवण अग्रवाल, अजय प्रसाद गुप्ता, मुखिया श्रवण राम, नरेश पासवान, रामेश्वर राम , अर्जुन गुप्ता, सचिन आनंद तक्की हुसैन रिजवी, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, आशुतोष प्रताप नारायण, हैदरनगर, मोहम्मदगंज के थाना प्रभारी, बीडीओ, सीओ, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, दंगवार प्रभारी संजय यादव समेत सभी पंचायत के मुखिया कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

# अनिल सिंह फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल ऑफ झारखंड (एफआईडीसीओजे) सदस्य मनोनीत



### हैदरनगर प्रखंड सहित जिले में खुशी की लहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के लाल अनिल कुमार सिंह ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अनिल सिंह को फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल ऑफ झारखंड (एफआईडीसीओजे) का सदस्य मनोनीत किया गया है। जिससे हैदरनगर प्रखंड सहित पलामू जिले में खुशी है। उन्हें इस उपलब्धि पर प्रेदश के कई दिगज भाजपा नेता सहित गण्यमान्य ने भी बधाई दी है। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संघठन मंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री आदिता साहू, प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमंत दास एवं प्रदेश कई बड़े नेता के नाम शामिल है। प्रदेश कार्यालय में अनिल कुमार सिंह को बधाई देते हुए बाबूलाल ने कहा कि अनिल कुमार सिंह बहुत ही मेहनत करने वाले इंसान है। यह झारखंड फिल्म को एक नई ऊचांइयों पर लेकर जाएंगे। इनकी जिमेदारी होगी कि झारखंड में फिल्म टूरिज्म को बढ़ाया जाए। अनिल कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं है। झारखंड में कई बेहतरीन कलाकार भी है। उन्हें सही मार्गदर्शन व सहयोग करने की आवश्यकता है। कहा कि झारखंड में कई ऐसे लोकेशन है जंहा फिल्म निर्माण हो सकती है। आने वाले समय में झारखंड में फिल्म निर्माण को बढ़ाने के लिए सपोर्ट चयन कर डेवलप किया जाएगा। पलामू सांसद बीड़ी राम, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह, कर्नल संजय कुमार सिंह, जीप सदस्य संगीता देवी, मुखिया संतोष कुमार सिंह, डॉ. अजय जायसवाल ने बधाई भी दी।

## अवैध महुआ शराब भट्ठी को पथरा पुलिस ने किया ध्वस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पलामू एसपी के निर्देश पर पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के नेतृत्व में रविवार को अवैध महुआ शराब चुलाई के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान हरिहरगंज थाना क्षेत्र के केवालपर गांव समीप जंगल में अवैध महुआ शराब के भट्टी को ध्वस्त किया गया. ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने बताया कि इस दौरान करीब 3 क्विंटल जावा महुआ व 8 ड्राम तथा शराब बनाने के कई उपकरण को नष्ट किया गया. अभियान मे पथरा ओपी पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।



## सीरम में होली मिलन समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के नौडीहा टू पंचायत के सीरम गांव में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे युवा समाज सेवी बबन कुमार सिंह। गीत संगीत व गंवई होली गीतों पर लोग झूमते नजर आए। रंगारंग कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुआ। उन्होंने पंडाल में मौजूद सभी लोगों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी तथा लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पर्व हदुओं भाइयों ने जो सहभागिता इसमें दिखाई है वह आपसी सौहार्द की एक मिसाल है। यह पर्व बुराइयों को दूर करने का कार्य करता है। होलिका दहन के बाद घरों में अच्छाई का मार्ग प्रशस्त होता है। युवा समाज सेवी ने इलाके में होली मिलन कार्यक्रम का परंपरा निरंतर जीवित रहेगी। कार्यक्रम पहुंचे कलाकारों में एक से बढ़कर एक होली के गीत गाए और होली खेल रघुबीरा अवध में, होली खेले रघुबीरा, ब्रज में उड़ेला गुलाल,अवध में होरी खेले जाय आदि गीतों से पूरी महफिल में समां बंध गया। होली गीतों से दर्शको ने झूम उठी। मौके पर अमित सिंह, रामाधार सिंह, राजू सिंह, गुड्डु सिंह, कुणाल सिंह, अभिजीत सिंह, सुधांशू सिंह, नरेंद्र सिंह, मनु प्रसाद सिंह, यसवंत सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# परसिया के प्रवासी मजदूर का पंजाब में मौत, तीन दिन बाद शव आया गांव

### विधायक, मुखिया के पहल के बाद जिला प्रशासन ने मृतक के परिजनों को दिया 50 हजार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के सगालीम पंचायत के परसिया गांव के प्रवासी मजदूर जितेंद्र कुमार (24) पिता यमुना राम का मौत पंजाब के अमृतसर में हो गया। मृतक के परिजनों का आर्थिक स्थिति इतना कमजोर हैं। शव लाने के लिए मुखिया सुनील कुमार प्रजापति, विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता और जिला प्रशासन का सहारा लेना पड़ा। मुखिया व विधायक के पहल के बाद जिला प्रशासन के सहयोग से मृतक का शव तीन दिन बाद गांव पंहुचा। मृतक का शव गांव आते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। स्थानीय शमशान घाट पर मृतक का दाह संस्कार किया गया। मृतक का दो बच्चा भी है। जितेंद्र के मौत के बाद उनके पत्नी और उसके दो बच्चे का भरण पोषण कौन करेगा, यह चिंता उनके परिजनों को सता रही है। जानकारी के अनुसार जितेंद्र कुमार पंजाब के अमृतसर में मजदूरी करते थे। अचानक उन्हें तबियत खराब हो गया। जितेंद्र के साथ काम करने वाले लोग उन्हे अमृतसर के मजीठा रोड स्थित गुरु नानक देव अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण परिजन जितेंद्र कुमार का शव पंजाब से गांव लाने के लिए पैसा नहीं जुटा पा रहे थे। घटना के सूचना मिलते ही सगालीम पंचायत के मुखिया सुनील कुमार प्रजापति ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी लिया। जहां मृतक के पत्नी सुमन्ति देवी ने अपने पति का शव लाने की गुहार लगाई। मृतक के पत्नी ने डीसी को लिखित आवेदन देकर पति के शव लाने की गुहार लगाते हुए आर्थिक सहयोग की मांग किया था। डीसी के निर्देश के बाद श्रम विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से मृतक का शव तीन दिन बाद गांव पंहुचा। श्रम विभाग ने मृतक के परिजनों को 50 हजार का आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान किया है।



# फगुआ गीतों पर झूमे लोग, जमकर उड़े अबीर-गुलाल, मिलकर मनायेंगे होली

### कई वर्षो से होते आ रही है इस तरह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के कुर्मी टोला के पटेल नगर में जमकर उड़े अबीर-गुलाल स्थानीय पटेल भवन में कुर्मी टोला पुरानी कीर्तन मंडली के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फागुन के मस्त महीना के अवसर पर फगुआ गीत पर नवयुवकों ने जमकर अबीर व गुलाल उड़या। वहीं मुहल्ले के कीर्तन मंडली ने आईल फागुन के बहार आईल फागुन के बहार हम पियरी ना पहिनब ए राजा.... गोरिया करिके श्रृंगार अंगना में पिसेली हरदिया.... आदि पारम्परिक गीतों से लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया। लोग होलियाना मदमस्ती में मस्त दिखे। यह कीर्तन मंडली शहर की सबसे पुरानी कीर्तन मंडली हैं, जो हर त्योहार जैसे फागुन माह, चईता, सावन जैसे सभी उत्सव वाले माह में यह कीर्तन मंडली के द्वारा पारंपरिक गीत व संगीत गाते आ रहे हैं। बताया जाता है कि पटेल नगर शहर की सबसे पुरानी मुहल्ला है, जहां पर पूर्व से हर पर्व त्योहार में पौराणिक परम्पराओं कला संस्कृति के व्यार पूरा शहर को खुशनुमा वातावरण में बदलती है। मौके पर दयानन्द चौधरी, अनुज चौधरी, रामशीष चौधरी, सुनील चौधरी, दिनेश ठाकुर, केदार चौधरी, सूर्यनाथ राम, अजित चौधरी, बिहारी चौधरी, राजदेव चौधरी, रमेश चौधरी, बिगन साव, धीरेंद्र पटेल, शशिकांत पटेल, समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।



### अवैध महुआ शराब भट्ठी को पिपरा पुलिस ने किया ध्वस्त

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर रविवार को अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में थाना क्षेत्र अंतर्गत कूड़वा गांव समीप नदी किनारे चल रहे अवैध महुआ शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया। वहीं अवैध शराब भट्ठी से बरामद एक क्विंटल जावा महुआ तथा 45 लीटर निर्मित देसी महुआ शराब एवं शराब बनाने के उपकरण को मौके पर ही नष्ट किया गया। हालांकि पुलिस को देख अवैध शराब के धंधे में शामिल कारोबारी भाग गए। थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि अवैध शराब कारोबारियों के विरोध में आगे भी करवाई जारी रहेगा। छापेमारी दल में पुलिस के जवान शामिल थे।

# हेमंत सोरेन को जेल से छूटने तक झामुमो कार्यकर्ता नहीं मनाएंगे होली




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड के झामुमो कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष माननीय हेमंत सोरेन को जेल से छुटने तक झामुमो के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी होली नहीं मनाने का निर्णय लिया है। वहीं अशोक कुमार सिंह ने तीखी प्रक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की केंद्र में बैठी भाजपा सरकार केंद्र की तानाशाही रवैया एवं केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर हमारे मुख्यमंत्री को जेल में डालने का काम किया है। वहीं पलामू जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह ने कहा कि झामूमो का एक-एक कार्यकर्ता हेमंत सोरेन के आने तक होली नहीं मानेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपने एजेंट की तरह जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित झामुमो नेता पप्पू सिंह अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष डॉ मंजूर आलम, अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता परवेज आलम, पप्पू सिंह, विजय प्रसाद, पिंटू सिंह आदि।

## एक नजर

### अबुआ आवास संबंधी सूचना मांगी

केतार। केतार प्रखंड के मुकुन्दपुर गांव निवासी दिनेश वर्मा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह जन सूचना पदाधिकारी सावित्री कुमारी से अबुआ आवास संबंधी सूचना मांगी है। दिनेश वर्मा ने सूचना का अधिकार के तहत अबुआ आवास की गाइडलाइन, आपकी योजना-आपकी, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सातों पंचायत में क्रमांक एवं नाम पता के साथ पंचायतवार सूची, चयनित लाभुकों की सूची मांगी है।

### लोकसभा प्रत्याशी का किया गया स्वागत

गढ़वा। गढ़वा के टंडवा में शनिवार को राष्ट्रीय तेली साहू सम्मेलन के तत्वावधान में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस होली मिलन कार्यक्रम में लोकहित अधिकार पार्टी के पलामू लोकसभा प्रत्याशी सनन भुइयां और गढ़वा जिला अध्यक्ष राम भजन गुप्ता का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी साहू समाज के लोगों ने लोकसभा प्रत्याशी सनन भुइयां को विजयी बनाने का निर्णय लिया। इस मौके पर गढ़वा जिला अध्यक्ष राम भजन गुप्ता, पलामू महासचिव सतिश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**बड़गड़।** होली त्यौहार के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को बड़गड़ बाजार में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह एवं इंस्पेक्टर सह भंडरिया थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। इस दौरान फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस के पदाधिकारीयों एवं जवानों ने पिकेट परिसर से निकलकर मेन रोड से दूर्गा मंदिर , हनुमान मंदिर चौक, मेन बाजार, बस स्टैंड, चेक पोस्ट का भ्रमण करते पुनः पिकेट परिसर में आकर फ्लैग मार्च को समाप्त किया।

# पंचायत सचिवालय में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** मुकुन्दपुर पंचायत सचिवालय प्रांगण में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।उक्त कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया मुंगा साह, प्रभारी बीपीओ दीपक जयसवाल, पंचायत सचिव आदित्य कुमार और सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर बारी- बारी से सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर मुखिया मुंगा साह ने कहा की होली पर रंगों के त्योहार के साथ आपसी भाईचारा का महान पर्व है।जिसे सभी लोग मिल-जुलकर एकता के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा की पंचायत क्षेत्र में अवैध महुआ शराब निर्माण और बिक्री पर सभी वार्ड सदस्य अपने अपने क्षेत्र में रोक लगायेगें। मुखिया मुंगा साह ने कहा की सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचें और भाईचारे के साथ होली पर्व मनायें।इस मौके पर वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, राजा प्रसाद,कुंडल सिंह, अंजलि भारती,कौशिलया देवी,ज्ञांति देवी, चिंता देवी, पुष्पा देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# चर्च ऑफ क्राइस्ट गोठानी ने धूमधाम से मनाया पाम संडे

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** गोठानी गांव स्थित चर्च ऑफ क्राइस्ट ने मनाया पाम संडे। इसे खजूर पर्व भी कहा जाता है। खजूर पर्व को ईसाई धर्म के अनुयायियों के प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है। इस अवसर पर जूटे छह पस्टरों ने पूजा विधि संपन्न किया और कहा कि पाम संडे को पवित्र सप्ताह की शुरूआत के रूप में भी मनाया जाता है। इसका समापन ईस्टर के रूप में होता है। यह दिन ईसाई समुदाय के लोगों में प्रभु यीशु के यरुशलम में विजयी प्रवेश के रूप में मनाया जाता हैं।उन्होनें बताया कि ईसाई समुदाय में ईस्टर से पहले 40 दिनों तक उपवास रखे जाते हैं। यह दिन ईसाई समुदाय के लोगों में प्रभु यीशु के यरुशलम में विजयी प्रवेश के रूप में मनाया जाता हैं। पवित्र बाइबल में पाम संडे के बारे में जो उल्लेख मिलता है, उसके मुताबिक, प्रभु यीशु जब यरुशलम पहुंचे, तो उनके स्वागत में बड़ी संख्या में लोग अपने हाथों में पाम यानी खजूर की डालियां लहराते हुए एकत्रित हो गए थे। लोगों ने प्रभु यीशु का जोरदार स्वागत किया था और उनके दिए गए उपदेशों को अंगीकार करने का संकल्प लिया था। इसी खास दिन की याद में पाम संडे। मनाया जाता है। खजूर रविवार का यह जुलूस गोठानी सरकारी स्कूल के प्रांगण से निकलकर चर्च भवन में मीटिंग में परिवर्तित हो गई जहां सभी पास्टरों एवम गणमान्य अतिथियों का पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया। इस आयोजन के संयोजक आमोस मिंज ने बताया कि आज हम नए गिरजा घर में प्रवेश का पर्व भी मना रहे हैं। इस मौके पर सभी विश्वासियों ने मिलकर प्रीति भोज किया।



# बाइक दुर्घटना में एक अधेड़ की मौत, परिजनों में शोक की लहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मंझिआव।** थाना क्षेत्र के घुरुआ गांव में हुई बाइक दुर्घटना में एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक का पहचान बरडीहा थाना क्षेत्र के कुंद्रहे गांव निवासी 55 वर्षीय अजय कुमार पांडे के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी है। घटना के संबंध में परिजनो ने बताया कि अजय गढ़वा से मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहा था इस दौरान घुरुआ अचानक बाइक से नियंत्रित होकर गिर गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रविवार को शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।




# अवैध महुआ शराब के खिलाफ जिले भर में छापेमारी, प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी पुलिस ने 50 किलोग्राम जावा महुआ एवं 10 लीटर महुआ दारू नष्ट किया। पुलिस ने अवैध शराब बनाने व बेचने वालो के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान के दौरान प्रखंड के कई गांवों में अवैध महुआ शराब और महुआ जावा को नष्ट किया। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अनिमेष शान्तिकारी ने बताया कि अवैध महुआ शराब के खिलाफ खरौंधी बाजार सहीत सभी पंचायत मे छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें खरौंधी से सटे आसपास गांव में 50 किलोग्राम महुआ जावा एवं 10लीटर महुआ दारू को नष्ट किया गया। इसी प्रकार से अन्य गांव से भी नष्ट किया गया है।उन्होंने कहा कि अवैध महुआ शराब बनाने के रोकथाम के लिए सघन छापेमारी अभियान जारी रहेगा। इस अभियान में मुख्य रूप से एसआई निरंजन कुमार सिंह समेत कई पुलिस के जवान शामिल थे।

## छापेमारी कर जावा महुआ और शराब बनाने का सामान बरामद

केतार। अवैध महुआ शराब चुलाई और बिक्री के विरुद्ध केतार थाना की पुलिस ने रविवार को थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल के नेतृत्व में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में थाना प्रभारी रौशन कुमार ने पाचाडुमर गांव में छापेमारी कर जावा महुआ और शराब बनाने की उपकरण बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। पुलिस की आने की भनक लगते ही महुआ शराब निर्माण में संलिप्त पाचाडुमर गांव निवासी विश्वनाथ राम (45) भागने में सफल रहा। उसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत धारा 272/273/290 आइपीसी एंड 47 एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी रौशन कुमार ने कहा की अवैध शराब निर्माण में संलिप्त लोग इस धंधे को छोड़ दें अन्यथा उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जायेगी। छापेमारी अभियान पीएसआई रौशन तिग्गा सहित पुलिस बल शामिल थे।

भंडरिया । थाना क्षेत्र के बिंदा गांव में विशेष छापामारी अभियान चलाकर अबैध रूप से महुआ शराब बनाकर बेचने वाले दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर भंडरिया पुलिस ने भेजा जेल। बीती रात्रि शनिवार को भंडरिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह ने दलबल के साथ गुप्त सूचना पर बिंदा गांव पहुंच दो घरों में विशेष छापामारी अभियान चलाकर बिंदा गांव निवासी गांधी प्रसाद गुप्ता पिता चलीतर साव वहीं हरि दयाल सिंह पिता स्वर्गीय चलीतर सिंह के घर में छापामारी कर जावा महुआ को नष्ट करते हुए दोनों अभियुक्त को धारा 272, 273 290 एवं 47 ए के उत्पाद अधिनियम के तहत न्यायिक हिरासत गढ़वा भेजा।



### एफएसटी टीम के साथ की गई छापामारी, दो व्यक्ति गिरफ्तार

धुरकी। धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने रविवार को गुप्त सूचना के अधार पर अवैध विदेशी शराब कारोबारी को धुरकी से टाटीदीरी के रास्ते से पकड़ कर थाना लाया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की दो लोग अवैध विदेशी शराब को बौरा में भर कर टाटीदिरी गांव के रास्ते कहीं लेकर जा रहे हैं जिसके बाद तुरंत एफएसटी टीम के साथ छापामारी किया गया।जिसमे मैक डाल्स के हॉफ 6 बॉटल 2.250 लीटर, इंपीरियल ब्लू के हॉफ 12 बॉटल 4.50 लीटर, गॉड फादर बीयर 24 बॉटल को जप्त किया गया। वहीं तस्करी कर रहे दो व्यक्ति अभिषेक कुमार उम्र करीब 27 वर्ष नगर ऊंटारी व दूसरा धनंजय सिंह, उम्र 40 वर्ष, गांव मंझीआंव है दोनों व्यक्ति को पकड़ कर थाना लाया गया। इस संबंध में सगमा प्रखंड पदाधिकारी सह ऋळ टीम उ भवनाथपुर अउ सत्यम कुमार के द्वारा उत्पाद अधीक्षक को सूचित किया गया है। अग्रतर कारवाई की जा रही है। छापामारी में धुरकी थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ वह सगमा प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्यम कुमार के साथ सभी टीम शामिल थे।



# शिव मंदिर में रामनवमी पूजा को लेकर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की बैठक संघत मोहल्ला शिव मंदिर में रखी गई बैठक की अध्यक्षता संयोजक मुरली श्याम सोनी के द्वारा किया गया जिसमें सभी जेनरल के पदाधिकारी संगरक्षक सदस्य अखाड़ा के अध्यक्ष सचिव सहित सदस्य उपस्थित हुए । पूर्व वर्ष की किए गए कार्यों का सराहना किया गया एवं पूर्व अध्यक्ष दौलत सोनी के द्वारा नये अध्यक्ष के लिये उमेश कश्यप के नाम की घोषणा किए सभी लोगों ने सर्व सहमति अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया मौके पर सभी अखाड़ा के अध्यक्ष सचिव सदस्य ने कहा की हर वर्ष अध्यक्ष का चुनाव हो सर्व सहमति से नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमेश कश्यप ने संयुक्त रूप से सभी उपास्थित राम भक्तों को बधाई दिया सर्व सहमति से पद का चयन किया गया।संगरक्षक मिथलेश ठाकुर पेयजल मंत्री विष्णु दयाल राम सांसद पलामू रामचंद्र चन्द्रवंशी विधायक भानुप्रताप साही विधायक सतेंद्र तिवारी गिरिनाथ सिंह अलख पांडे दौलत सोनी राकेश पाल अम्लेंदु नारायण रविंदर जयसवाल विनोद जायसवाल कमलेश गुप्ता (पिंटू जी )सूरज गुप्ता राजीव राज तिवारी भगत सिंह साहू संतोष केसरी आनंद प्रकाश दुबे मनीष केसरी पंकज केसरी सौकत खान याशिन अंसारी नीतेश सिंह शांति देवी उपाध्यक्ष आशीष वैध मनीष कमलापुरी संतोष कश्यप कमल चौबे सूरज सिंह महामंत्री रोहित कुमार (छोटू )राजकुमार गुप्ता मंत्री विवेक सिन्हा दीनदयाल पासवान चंदन स्वामी पिंटू कुमार (ओला ) संजय केसरी प्रधान संगठन मंत्री संजीव दुबे मयंक सोनी कोषाध्यक्ष मोहनचंद सोनार निशांत कश्यप आदि शामिल थे।

# सूंड़ी पंचायत के पासवान टोला में गाय शेड का निर्माण अधूरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के सूंड़ी पंचायत अंतर्गत परसवान टोला में मनरेगा योजनाओं में बगैर निर्माण के ही पांच गाय सेड एवं अधूरा मिट्टी मोरम पथ निर्माण का सामाग्री मद का भुगतान कर दिया गया है। वितीय वर्ष 2021 - 22 में इन मनरेगा योजनाओं की स्वीकृति मिली थी। जिसमें पांच गाय शेड का सामग्री मद की राशि का भुगतान नौ मार्च को ही कर दिया गया। जिसमें पांचों गाय शेड का निर्माण नहीं किया गया है। इसमें कुंती देवी का गाय सेड निर्माण में 14850 रुपये का मनरेगा मजदूरों का भुगतान हुआ है बाकि चार गाय शेड सिर्फ बन रहा है ।फिर भी उनका सामग्री मद का भुगतान किया गया है। जबकि गाय शेड का भुगतान हुआ है लाभुकों को पता ही नहीं है। लाभूकों ने बताया कि हमलोंगो पता भी नहीं है कि हमारे नाम पर गाय शेड मिला है। हमलोगों को गाय शेड बनाने के लिए भेंडर के द्वारा सामग्री भी नहीं दिया गया है। कब शेड का भुगतान हुआ है इसकी भी जानकारी नहीं है। इधर ग्राम सूंड़ी मे चपली पहाड़ से रमेश ठाकुर के घर तक पथ मरम्ती मे भी मिट्टी मोरम नहीं दिया गया है। मनरेगा गाइडलाइंस के अनुसार कलभट का निर्माण कराया गया है। इस पथ निर्माण में मनरेगा मजदूरों को 170100 रुपये भुगतान कर दिया गया है। जबकि सामग्री मद का 199884 रुपये भुगतान कर दिया गया है। इस मनरेगा पथ मे सिर्फ लगभग तीन सौ मीटर में ही निर्माण कराया गया है। जबकि अन्य लगभग सात सौ मीटर में मिट्टी तक नहीं दिया गया है। इन गाय सेड का निर्माण नहीं हुआ परंतु भुगतान कर दिया गया उनमें - शिवनारायण राम (49829) , कुंती देवी (49829) , सुखदेव उरांव (49829 ),जवाहीर उरांव (49829 ) जितेन्द्र उरांव (49829) रुपये सामाग्री मद का भुगतान हुआ है। जबकि कुंती देवी के गाय सेड निर्माण में मजदूरों को 14850 रुपया भुगतान किया गया है। इसी प्रकार शिवनारायण राम के सुखदेव उरांव के गाय शेड निर्माण में 2925 रुपये का भुगतान किया गया है। इधर मनरेगा के बीपीओ कमलेश पासवान,ग्रामसेवक बिनोद पासवान इस संबंध में पुछे जाने पर किसी प्रकार का बयान देने से टालमटोल करते रहे।



## न्यूज गैलरी

### होली पर्व को लेकर प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**भवनाथपुर।** पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर होली पर्व को लेकर रविवार को भवनाथपुर प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में नागरिक और पुलिस प्रशासन दोनों के अधिकारी शामिल थे। फ्लैग मार्च मे इंस्पेक्टर राजीव कुमार,थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना मोड़ से कपूर्री चौक होते चपरी,बेलपहाड़ी, टाउनशिप, अरसली दक्षिणी, अरसली उत्तरी पंचायत, मकरी पंचायत के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए थाना परिसर पहुंचा। इसके अलावा मुहर्रम पर्व के सभी अखाड़ों का भी परिभ्रमण किया गया। यह फ्लैग मार्च पर्व के पूर्व विश्वास बहाली को लेकर निकाला गया ताकि पर्व शांति और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके। गौरतलब है कि मुहर्रम का जुलूस 29 जुलाई को निकाला जाएगा। प्रखंड मुख्यालय में विभिन्न अखाड़ों द्वारा इसकी तैयारी की गई है। जबकि पर्व पर स्थानीय प्रशासन भी चुस्त-दुरुस्त दिखाई दे रहा है। फ्लैग मार्च में एसआई सहदेव साव, एएसआई अभिमन्यु सिंह, रब्बुल अंसारी के साथ सशस्त्र बल शामिल थे।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**गढ़वा।** जिला वॉलीबॉल संघ के तत्वाधान में संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पाठक के आवास पर रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इसमें संघ से जुड़े सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। मौके पर संघ के सचिव ओम प्रकाश तिवारी ने कहा कि होली आपसी सौहार्द का त्यौहार है इसमें एक दूसरे को सभी लोग गीले शिकवे भुलाकर आपस में गले से गले मिलकर होली मनाते है।सभी को साथ मिलकर होली बनाने की जरूरत है।अध्यक्ष नवीन पाठक ने सभी लोगों को आपसी रंजिस को भुलाकर होली मनाने की बात कही।इस अवसर पर संघ के संयुक्त सचिव संजीव कुमार पांडेय उपाध्यक्ष श्याम नारायण पाण्डेय,पंकज मिश्र,ओमप्रकाश चौबे, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार,मिडिया प्रभारी राजकमल तिवारी, अंशु दुबे, समर कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### आरजीएसएम और बहेरवा स्कूल में हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन

डंडाई । प्रखंड मुख्यालय के आरजीएसएम पब्लिक स्कूल में शनिवार को होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर उसका लुत्फ उठाया । साथ ही एक दूसरे को कबीर गुलाल वह रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया । कार्यक्रम में खासकर बच्चों के बीच काफी उत्साह और उमंग भी देखा गया । बच्चे जहां यथा अपने साथियों संग होली खेले वहीं विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं को भी अबीर व गुलाल लगा उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया । मौके पर प्राचार्य सुमंत लाल ने कहा कि सनातन धर्म का होली एक महान पर्व है । इस पर्व में खासकर बच्चे काफी आनंदित रहते हैं । पर्व के आगमन से पहले ही उनकी खुशी सड़कों के साथ-साथ विद्यालय में भी देखा जाता है । उनकी खुशी को देखते हुए विद्यालय परिसर में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद व अन्य शैक्षणिक कार्यों में भी शिरकत करते रहते हैं ।वहीं शिक्षक मुन्ना राम ने कहा कि विद्यालय परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह एक ऐतिहासिक समारोह बन गया । उन्होंने कहा कि जो उम्मीद नहीं थी उससे भी बढ़ चढ़कर बच्चों ने होली गीत गा कर उसका आनंद लिया । साथ ही कहां की विद्यालय के बच्चे हर मामले में काफी आगे हैं । उसके अलावा न्यू प्राथमिक विद्यालय बहेरवा टोला में भी होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । विद्यालय के प्राचार्य आदित्य की उपस्थिति में बच्चों ने एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगा होली की शुभकामनाएं दिया । इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि रंगों का त्यौहार होली को लेकर बच्चों के बीच काफी उत्साह ओर उमंग रहा ।बच्चे एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा खूब मौज मस्ती करने का काम किया । इस दौरान कई छात्र-छात्राओं ने कहा कि विद्यालय के सर के द्वारा काश हम लोगों को हमेशा इसी तरह मौज मस्ती करने की छूट दिया जाता।

## कार्यक्रम

## सेवानिवृत्त सहायक अध्यापकों को किया सम्मानित

# संघर्ष मोर्चा का होली मिलन समारोह आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय रक्सा के प्रांगण में रविवार को झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में सेवानिवृत्त सहायक अध्यापकों का सम्मान सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य विद्यालय रक्सा के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के साथ किया गया इसके बाद सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक ओमप्रकाश राम,अनिल यादव,धीरेंद्र कुमार देव,अशोक सिंह को बाबा बंशीधर की तस्वीर,शॉल, अंगवस्त्र व फूलमाला देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सहायक अध्यापकों ने कहा कि सेवा निवृति एक सरकारी प्रक्रिया है 60 वर्ष की आयु पूरा करने वाले हर कर्मी को सेवानिवृत्त होना ही पड़ता है सहायक अध्यापकों ने कहा कि सेवा निवृति के बाद समाजिक जिम्मेवारी बढ़ जाता है अपने सम्बोधन में सहायक अध्यापकों ने सेवानिवृत्त हुये शिक्षकों के स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करने वालों में संघ के अध्यक्ष भूपेन्द्र प्रताप देव,सचिव ह्रदया प्रसाद गुप्ता, अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा, विनोद ठाकुर,उस्मान अंसारी ,अलीम अंसारी सहित अन्य के नाम शामिल है सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों ने संघ के प्रति आभार व्यक्त किया तथा संघ के हर कार्यो में साथ रहने का भरोसा दिया।इसके बाद होली मिलन समारोह आयोजित किया गया.शिक्षक शिवकेश्वर निराला व उनके टीम के द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया सहायक अध्यापकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिये।कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष भूपेन्द्र प्रताप देव,सचिव ह्रदया प्रसाद गुप्ता,रूपेश कुमार,आशीष कुमार,विनोद ठाकुर,अलीम अंसारी,अनूप कुमार विश्वकर्मा, सत्येन्द्र कुमार ठाकुर, ज्ञान प्रकाश, सत्यदेव कुमार, अरविन्द कुमार ठाकुर,विनोद महतो, उस्मान अंसारी, रामानुज कुमार शर्मा, धीरेंद्र सिंह, राकेश कुमार, इसरार अहमद, मदन राम,राधा प्रसाद यादव,अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा, नंदू सिंह, रामचन्द्र यादव, शिवकेश्वर निराला, राजेश कुमार, उमेश प्रसाद, जगरनाथ राम, देवचंद उरांव,अशोक तिग्गा,अनूप कुमार सिन्हा,जगनारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में सहायक अध्यापक उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुशील कुमार पांडेय ने किया जोड़ देना है।

## पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर दी बधाई

भवनाथपुर। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। आयोजित होली मिलन समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधी एवं आम जनता ने भाग लिया। होली मिलन में पहुंचे लोगो एवं जनप्रतिनिधियों को थाना के पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार एवं पुलिस कर्मियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दिया। उक्त अवसर पर लोगो ने भोजन का लुप्त उठाया तथा रात्रि में गायक मंडली द्वारा फगुआ गीत गाकर लोगो को होली के रंग में सराबोर कर दिया। इस मौके पर रेंजर प्रमोद कुमार,अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानन्द सोनी, मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव,मकड़ी पंचायत के पूर्व मुखिया अब्दुल अंसारी,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, विजय राउत ,सुजीत कुमार, सुनील यादव, पंकज दुबे, बैजनाथ सिंह,मनोज कुमार, मनोज चन्द्रवंशी सहित कई लोगों उपस्थित थे।

### अबीर-गुलाल लगाकर खुशी का किया इजहार

केतार प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के अजनिया मोड़ के समीप समाजिक संगठन जागृति युवा सेना परिषद के द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में सभी युवा एक दूसरे को अबीर- गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। वहीं भाइचारे के साथ रंगों का त्योहार मनाने का लोगों से आग्रह किया। मौके प सामाजिक संगठन के अध्यक्ष पंकज कुमार यादव, संस्थापक मनीष कुमार गुप्ता ,संचालक मृत्युंजय यादव ,भागीरथी गुप्ता,श्रीकांत गुप्ता, संजय बैठा सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## एक नजर

### लातेहार एसपी ने वाहन से जब्त किए 2.99 लाख रुपये




**लातेहार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रांची नम्बर के वाहन से लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र में एसपी अंजनी अंजन ने चेकिंग के दौरान 2.99 लाख रुपया बरामद किया। एसपी अंजनी अंजन विधि व्यवस्था को देखने खुद सड़क पर उतरे थे। बताया जाता है कि जिला में बनाए गए अंतर जिला स्तरीय चेकिंग प्वाइंट पर यह रुपये बरामद किए गए। शनिवार की देर रात मनिका थाना के पास एसपी अंजनी अंजन की मौजूदगी में जांच के क्रम में वाहन (जेएच01इएन4483) से अवैध रूप से लेकर जा रहे हैं 2,99, 500 लाख की बरामदगी की गई।

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर, रेफर

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के जपुआ बिरहोर कॉलोनी के समीप रविवार को बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक थाना क्षेत्र के महुआटांड गांव निवासी मोहन राणा का पुत्र विकास राणा 38 वर्ष बताया जा रहा है। बताया गया कि विकास अपने घर से गिद्धौर आ रहा था। इसी क्रम में बाइक अनियंत्रित होकर जपुआ बिरहोर कॉलोनी के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को 108 एंबुलेंस के माध्यम से बेहतर इलाज के लिए चतरा भेज दिया गया।

### प्रसव के पांच दिन बाद महिला की मौत

**चतरा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत लेम्हे गांव में डिलीवरी के 5 दिनों के बाद ही महिला की मौत का मामला सामने आया है। महिला की डिलीवरी के 5 दिनों बाद अचानक उसके पेट में दर्द हुआ, जिसकी जानकारी के बाद परिवार वालों ने आनन-फानन में इलाज के लिए उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही बीच रास्ते में महिला की मौत हो गई। घटना के बाद महिला के शव को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए रखा गया है। घटना में महिला की मौत के बाद नवजात बच्चे के भरण-पोषण की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

### दस दिनों से खराब पड़ा है ट्रांसफार्मर ग्रामीण परेशान



**हंटरगंज(चतरा)।** जिले हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा पंचायत के कोइरिया में पिछले दस दिनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। जिसके चलते कोइरिया गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग पूरे गांव को इस ट्रांसफार्मर से बिजली मिलता है और पूरे गांव को बिजली देने के लिए इसकी क्षमता पर्याप्त नहीं है, जिसके चलते पूरे गांव को लो वोल्टेज जैसी समस्या का सामना करना पडता है। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि यहां के उपभोक्ताओं के द्वारा बिजली बिल का नियमित भुगतान किया जाता है और यहां पर पुराने ट्रांसफार्मर से ज्यादा क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाने की जरूरत है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां ट्रांसफार्मर लगाया जाये ताकि अंधेरे मे डूबे हुए घरों में उजाला हो सके।

# महुआडांड़ में खजूर पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** बड़े चर्च में खजूर पर्व के अवसर पर मुख्य अनुष्ठानकर्ता फादर दिलीप एक्का द्वारा पवित्र मिस्सा पूजा कराया गया। उन्होंने बताया कि खजूर इतवार के साथ हम प्रभु के दुःखभोग, मरण और पुनरूत्थान के सप्ताह में प्रवेश कर रहे हैं, पर्व हमें उसी जुलूस की याद दिलाता है. जो दो हजार वर्ष पूर्व येरूसालेम शहर में निकाला गया था। हाथों में खजूर की डालियों लेकर जुलूस में भाग लेने का मतलब यह है कि हम येसू को अपने ह्रदय में एवं जीवन में स्वागत करते हैं। आज से हम पवित्र सप्ताह आरंभ कर रहे हैं। इसके दौरान येसु को हम अपने मिशन की पराकाष्ठा तक पहुंचते हुए पायेंगे। उनके जीवन, वचन और शिक्षाओं के गहरे या गुड़ अर्थ को हर खुली घटना प्रत्यक्ष करेगी। इस पुण्य सप्ताह के दौरान येसु हमारी मानवीय स्थिति, हमारे जीवन के सब दुःख दर्द कार्य चिंता, वेदना, आंशका इत्यादि की चर्चा करेंगे।वह अपने साथ हमें चलने के लिए आमंत्रित करते हैं। ताकि हम उनकी आत्म रित्तता मनोवृत्ति का अनुकरण कर सकें। यह हमारे जीवन की पीड़ा तथा दुर्दशा के निदान के लिए एक आहान नहीं है बल्कि जीवन की सच्ची स्वतंत्रता, शांति तथा प्रसन्नता के लिए एक आहान है। मिस्सा पूजा शुरू होने से पहले खजूर की डालियों के साथ चर्च परिसर में ही शोभायात्रा निकाली गई। जहां सभी ईसाई धर्मावलंबी के द्वारा प्रार्थना करते वापस वेदी के पास आकर प्रार्थना सभा में बदल गई। मिस्सा पूजा में चर्च के फादर दिलिप एक्का, फादर रोशन, बरथोलोमी, मोरिस, पतरस सहित हेड प्रचार आनंद के साथ सिस्टर उपस्थित थे। गाना का संचालन संत तेरेसा बालिका विद्यालय के हॉस्टल युवती व सिस्टर द्वारा किया गया। महुआडांड चर्च के साथ गोठगांव, तुन्दटोली, पकरीपाठ, चेतमा, साले, चोरोपाठ पारिष में भी शोभायात्रा निकाली गई थी।





# होली की मस्ती में डूबा चतरा, झूम रहे लोग



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा/पत्थलगड़ा।** रंगो के त्योहार होली में अब चंद घंटे ही बचे हैं। ऐसे में होली की मस्ती लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगी है। होलिका दहन रविवार देर रात होगा व होली का पर्व मंगलवार को मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर शहर व ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में रंग, अबीर, गुलाल व रंग बिरंगी पिचकारी की स्थाई व अस्थाई रुप से सजे दुकानों में खरिददारों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं होली को ले जगह-जगह पर बजाए जा रहे होली के गित व फगुनाहट की बयार ने लोगों की उमंगो को और गाढ़ा कर दिया है। तमाम सरकारी विभाग व शिक्षण संस्थान भी बंद हो चुके है। शनिवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित मिलन चौक में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाने के साथ मिठाई खिलाकर होली की बधाई दी। वहीं पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय में बजरंग दल आदि के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन कर एक दूसरे को लोगों ने रंग व गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान ढोलक मंजीरे की ताल पर जमकर कार्यकर्ता झूमे। इसके अलावे जिला मुख्यालय के अलावे विभिन्न प्रखंडों में भी विभिन्न पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन कर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गई। वहीं राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता भी विभिन्न स्थानों पर आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए और सभी को होली की शुभकामनाएं दी।

## कुम्हार महासंघ के जिला स्तरीय होली मिलन समारोह में खूब उड़े गुलाल



**इटखोरी(चतरा)।** रविवार को झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ चतरा इकाई द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में विभिन्न प्रखंडों से सैकड़ो लोग शामिल हुए। समाज के उत्थान एवं राजनीतिक भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु यह निर्णय लिया गया कि चतरा जिला के सभी प्रजापति समाज उसे उम्मीदवार या राजनीतिक पार्टी को वोट करेंगे जो हमारे समाज के उत्थान एवं विकास में मदद करेगा। इस होली मिलन समारोह में सभी ने एक दूसरे कोरंग गुलाल लगाकर एक दुसरे को होली की बधाई दी। समारोह में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष गौतम कुमार प्रजापति, संरक्षक पंकज प्रजापति, इंद्र प्रजापति, नंदकिशोर प्रजापति, सचिन कमलेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष उमेश प्रजापति, उपाध्यक्ष विशाल प्रजापति, जगदेव प्रजापति, पप्पू प्रजापति, नरेश प्रजापति, खेरी प्रजापति, देवचंद प्रजापति, दिनेश प्रजापति, रामकुमार, जागेश्वर प्रजापति, विनोद प्रजापति, केशव प्रजापति, बबलू प्रजापति, सरोज प्रजापति, रंजीत प्रजापति, महावीर प्रजापति, अशोक प्रजापति समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## होटल से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद संचालक गिरफ्तार

**गिद्धौर(चतरा)।** पुलिस ने होली में अवैध शराब कारोबरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के पांडेयमहुआ स्थित झारखंड होटल से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। साथ ही इस कार्य में संलिप्त होटल संचालक दीपक कुमार साव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने होटल से 39 केन बियर,अंग्रेजी शराब की कई बोतले देशी महुआ शराब लगभग 40 लीटर जब्त किया है। थाना प्रभारी अमीत कुमार गुप्ता ने बताया कि होटल संचालक अवैध तरीके से होटल का संचालन कर रहा था। उसके गतिविधियों से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही थी।जिला पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय के गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार के देर रात छापेमारी अभियान कर शराब जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह कार्रवाई जारी रहेगी। किसी भी स्थिति में अवैध शराब की बिक्री मान्य नहीं होगा।

# कुम्हार महासंघ ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत बरछिया ग्राम निवासी जतन प्रजापति के आवास में प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रजापति की अध्यक्षता मे होली सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह कार्यक्रम में भीम प्रजापति ने कहा कि होली मे भाईचारगी और सद्भावना के रूप में होली मिलन का समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही कहा की आप सभी अपने-अपने गांव मोहल्ले में शांति पूर्ण तरीके से होली मनाएँ , कार्यक्रम में बिखरे हुए समाज को बंधुत्व में बांधने के लिए होली के गीत संगीत का भी आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित सोनू प्रजापति ने कहा कि किसी भी तरह के कोई विवाद ना कर समाज में भाईचारगी का मिसाल पेश करना ही त्यौहार का मूल उद्देश्य है। इसलिए बिखरे और टूटे हुए समाज को होली में जोड़ने की आवश्यकता है। मौके पर सुरेश प्रजापति, अयोध्या प्रजापति, पुनेश्वर प्रजापति, रणधीर प्रजापति, राकेश प्रजापति, तुलसी प्रजापति, रमेश प्रजापति, पप्पू प्रजापति, डॉक्टर अर्जुन प्रजापति, कामेश्वर प्रजापति डॉ संतोष प्रजापति डॉक्टर नित्यानंद प्रजापति, रोहित प्रजापति, गोपाल प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, मनोज प्रजापति, निर्मल प्रजापति, जतन प्रजापति, अजय प्रजापति, अनिल प्रजापति, रूपेश प्रजापति सहित कई समाज के लोग उपस्थित थे।

# चंद्रवंशी समाज के होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के चंद्रवंशी समाज द्वारा शनिवार शाम रेलवे स्पोर्ट्स क्लब सामुदायिक भवन में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चंद्रवंशी समाज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह की अध्यक्षता गोपाल चंद्रवंशी ने की। वही संचालन रंजीत कुमार राजू ने की। होली मिलन समारोह कार्यक्रम से पूर्व लोगों ने समाज में एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया गयां। वही इस तरह के आयोजन में समाज के सभी लोगों को अधिक से अधिक शामिल होने की अपील किया गया। मौके पर लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दिया। कार्यक्रम में जमकर अबीर गुलाल उड़े। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोज कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रेम कुमार। अधूरा,बैजनाथ चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी ,रामनाथ चंद्रवंशी, संतोष चंद्रा , राजेंद्र बबलू चंद्रवंशी, सागर चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, मन्ना चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी ,मुन्ना चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, नवल किशोर चंद्रवंशी, शिवपूजन चंद्रवंशी, जितेंद्र चंद्रवंशी, पुतुल चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, मोहन चंद्रवंशी, उपेंद्र चंद्रवंशी, राजन चंद्रवंशी, नारायण चंद्रवंशी ,वीरेंद्र चंद्रवंशी, आदि चंद्रवंशी समाज केकाफी लोग शामिल थे।

## पांच लाख रंगदारी मांगने के आरोप में दो गिरफ्तार

**टंडवा(चतरा)।** एनटीपीसी के अधीन कार्यरत जीडीसीएल नामक कंपनी से पांच लाख की रंगदारी मांगने वालों को पुलिस ने टंडवा थाना क्षेत्र से रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी प्रभात रंजन ने बताया कि मिली शिकायत के आलोक में पुलिस द्वारा गहन अनुसंधान किया जा रहा था। इसी आलोक में प्राप्त तथ्यों के आधार पर हजारीबाग जिले के केरेडारी निवासी जुबेर अंसारी व जितेंद्र महतो को गिरफ्तार किया गया है। ज्ञात हो किं आठ दिनों पूर्व उक्त कंपनी के सुपरवाइजर नवलेश कुमार से मोबाइल पर पांच लाख की रंगदारी मांगने के मामले में कांड संख्या 81/24 के तहत मुकदमा दर्ज था। जिसपर डीएसपी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अपराधियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। छापेमारी अभियान में पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल उरांव समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# होली के अवसर पर घर-घर जा कर आशीर्वाद ले रहे पूर्व विधायक



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** भाजपा नेता सह पूर्व विधायक प्रकाश राम चंदवा के सुदूरवर्ती पंचायत क्षेत्र बरवाटोली, हुटाप, लाधुप और जमीरा के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर वहां निवास करने वाले पुराने भाजपाई और जनसंघी से मिलने उनके आवास में पंहुचे। प्रकाश राम सभी बुजुर्गों से मिलकर उन्हें होली महापर्व की बधाई दी और उनका आशीर्वाद लिया। बरवाटोली के देवनाथ भारती ने कहा कि जब हम जनसंघ में थे तब गिने चुने लोग हुआ करते थे। आज जनसमूह को देखकर खुशी हो रही है। पार्टी ने आज भी अपना विचार और संस्कार को नहीं छोड़ा है। हमलोगों के सपनों को वर्तमान में पूरा होते देखना जीवन सफल होने जैसा है। मामला 370 हो या फिर राम मंदिर का। उन्होंने कई पुरानी बातों और संघर्षों के बारे में भी बात की। प्रकाश राम ने पुराने भाजपाइयों से कहा कि आप लोगों की बदौलत ही हम सभी यहां तक पंहुचे है। आपका बलिदान और त्याग आज पार्टी को इस मुकाम पर पंहुचा दिया है,अब आपका आशीर्वाद और स्नेह की जरूरत है। वही पुराने भाजपाइयों ने सभी लोगों को एकसाथ रहकर कार्य करने की नसीहत भी दी। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को अबीर लगाकर और मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को बधाई दी। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक के साथ मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, राजकुमार पाठक, राजू उरांव, आशीष सिंह, दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, साजिद खान उर्फ धन्नू, श्रवण गुप्ता, कृष्णा कुमार, मुरली साहू, जयराम साहू और अमित सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपाई शामिल थे।

**होलिका के दिन इन भाजपाइयों से मिले प्रकाश राम :** बरवाटोली के ग्राम प्रधान मुन्ना पाहन, सुरेश षाड़ंगी, पलटन महतो, बासुदेव भारती, अनिल भारती, लाधुप के अंथा मुंडा हुटाप के बालमुकुंद प्रसाद, तजेंद्र सिंह, वयोवृद्ध बुधन सिंह इसके अलावा जमीरा के रघुनाथ सिंह, राजेंद्र प्रसाद, विजय शंकर सिंह, सूर्यनाथ सिंह, रमेश गुप्ता और मोहनलाल चावड़ा, शामिल है।

## 798 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद, तस्कर फरार

**कुंदा (चतरा)।** पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करों के खिलाफ कुंदा थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए पहली बार बड़े पैमाने पर 798 ग्राम ब्राउन सुगर बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेन्द्रा गांव निवासी मिन्हाज अंसारी के खपड़ैल घर में अवैध रूप से ब्राउन शुगर छुपा कर रखी गई है। सूचना के आलोक में सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार केसरी के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए उपरोक्त घर में छापामारी की गई। इस क्रम में मिन्हाज अंसारी के घर में कमरे के दरवाजे के किनारे कोने में एक पिट्ठू बैग मिला। जिसके अंदर प्लास्टिक में रखा 798 ग्राम ब्रॉउन सुगर बरामद किया गया। वहीं तस्कर मौके का फायदा उठाते हुए फरार होने में सफल रहा। छापामारी के क्रम में एक इलेक्ट्रिक तराजू के साथ डिजिटल स्केल भी बरामद किया गया है। वहीं मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर करवाई प्रारंभ कर दी गई है।

# पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर रविवार को आईआरबी कैंप के समीप पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में दर्जनों दो पहिया और चार पहिया वाहन का जांच किया गया। वाहन चेकिंग अभियान टीम की अगुवाई कर रहे सअनि ददन पासवान ने कहा, आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का पालन हेतु साथ ही बढ़ती हुई सड़क दुर्घटना खास कर मोटर साइकिल के द्वारा होने वाली दुर्घटना में अंकुश लगाने के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बगैर हेलमेट, सीट बेल्ट, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन से संबंधित वैध पेपर के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस तथा आनर बुक आदि की जाँच की जा रही है। मौके पर पुआनि महेंद्र उरांव एवं आईआरबी के जवान मौजूद थे।

## तीन घंटे के रेसक्यू बाद कुआं से जंगली भालू को निकाल वन विभाग ने छोड़ा जंगल में

**महुआडांड़।** वन प्रक्षेत्र महुआडांड़ के लोध पीएफ क्षेत्र के अंतर्गत चटकपुर गांव में शनिवार रात को हिरू बड़ाईक के घर के कुआं में एक जंगली भालू जा गिर गया। ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई। जहां वनपाल कुंवर गंझू के नेतृत्व में एक टीम गठन कर तीन घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन कर बड़ी मुश्किल से भालू को कुआं से निकलकर जंगल छोड़ा गया। रविवार सुबह साढ़े 9 बजे तक ये ऑपरेशन चला। इस अभियान में वनरक्षी गुरूदयाल सिंह सहित अन्य वनकर्मी एवं ग्रामीण भी शामिल थे।



चतरा के हंटरगंज में होली मिलन कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता।

# दिव्यांगजनों के मतदान के लिए प्रखंड स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** स्वीप कार्यक्रम के तहत दिव्यांग ब्रांड एंबेसडर कवि सुचित कुमार वियोगी एवं प्रकाश गंझू के द्वारा प्रखंड स्तरीय दिव्यांग मतदाताओं का जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सिमरिया प्रखंड में किया गया। जिसमें सैकड़ो दिव्यांग जनों ने भाग लिया और मतदान करने की शपथ ली। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेनू रवि ने कहा कि आसन्न लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर सभी पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) मतदाताओं को सभी आवश्यक जरुरी सुविधा मिलें यह सुनिश्चित किया जा रहा है एवं इस बार प्रत्येक मतदान केंद्र पर जन सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। जिसमें दिव्यांग, गर्भवती माताओं एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए हरेक मतदान केंद्र पर पर रैंप, शेड, पेयजल, शौचालय एवं अलग से कतार की व्यवस्था रहेगी। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सिमरिया रीना साहू ने बताया कि मतदान केंद्र में बूथ वॉलिंटियर मतदाताओं के सुविधा के लिए उपस्थित रहेंगे। मतदान के लिए तीन लाइन बनेगी जिसमें पुरुष, महिला का रहेगा, जिसमें दिव्यांग एवं 85 के उपर के मतदाता हेतू अलग से लाइन रहेंगे। जिससे दिव्यांग व 85 से उपर के मतदाता अपना मतदान कमसे कम समय में कर पाएंगे। दिव्यांग ब्रांड एंबेसडर कवि श्री वियोगी द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के सक्षम ऐप का उपयोग कर दिव्यांग मतदाता अपने लिए व्हील चेयर की व्यवस्था कर सकेंगे। मतदान के दिन इन मतदाताओं के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए फ्री पास की सुविधा रखी जानी है, जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट उपलब्ध नहीं रहेगा वहां इनके लिए मतदान केन्द्र तक आने जाने के लिए निजी वाहन भी भाड़े पर रखे जाएंगे। इसके साथ जो वाहन से भी मतदान केंद्र पर आने में असक्षम हैं उनके लिए घर पर ही मताधिकार के प्रयोग की व्यवस्था की जा रही है।

## रंग-गुलाल, मुखौटों व पिचकारियों से सजा है होली का बाजार



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** होली से पहले रंग-पिचकारियों का बाजार सजा है। होली के इस वर्ष के बाजार में सुस्ती की शिकायत कर रहे हैं। होली के त्यौहार को लेकर रविवार को प्रखंड के बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ी, इस दौरान दूर दराज के गांव क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं व पुरुष खरीदारी को लेकर बाजार पहुंचे। इस दौरान पिचकारी, कपड़े, रंग गुलाल समेत अन्य सामग्रियों की जमकर खरीदारी की गई। बाजार में सुस्ती को लेकर दुकानदारों ने इसके पीछे मार्च में वित्त वर्ष समाप्ति औपचारिकताओं साथ चुनाव के असर को भी कारण मान रहे है। दुकानदारों अनुसार इस साल न तो दाम बढ़े हैं न होली के बाजार पर महंगाई की मार है, इसके बाद भी व्यापार सुस्त है।

